# उसे डर नही है तूफान का जिसपे साँवरा मेहरबान हैं। By Shyam Sakhi Gouri Sakshi

बेफिकर है वो हर बात से,
हर दर्द से अनजान है
उसे डर नही है तूफान का..
जिसपे साँवरा मेहरबान हैं

1. चाहे सुख आये, चाहे दुख आये
चाहे किस्मत भी हर सितम ढाये
श्याम प्रेमी ना कभी घबराये
चाहे लाख दिल में दर्द हो
पर लब पे तो मुस्कान है...
उसे डर नही किसी बात का..

2. जो भी निर्भर है श्याम प्यारे पे
जिसका जीवन है इसके सहारे पे
वक़्त चलता है उसके इशारे पे
उसका अलग अंदाज है,
उसकी अलग ही शान है
उसे डर नही किसी बात ..

3. जिसकी कश्ती का श्याम मांझी है
इसकी रजा में जो, "सोनू" राज़ी है
हारता ना वो.., कोई बाज़ी है
मुश्किल से भी मुश्किल सफर
लगता उसे आसान है
उसे डर नही किसी बात का ,
जिसपे साँवरा मेहरबान है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%89%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a1%e0%a4%b0-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%b8%e0%a4%aa/